Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2063 / M-7 /131 दिनांक : 11-09-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– <u>दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 11.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"भ्योखर गांव में नाला खुदाई से पाइपलाइन फटी:50 घरों में पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान; अधिकारी बोले- जल्द ठीक करवा देंगे"** के सम्बन्ध में आख्या।</u>

महोदय,

~~उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक~~ 11.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"भ्योखर गांव में नाला खुदाई से पाइपलाइन फटी: 50 घरों में पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान; अधिकारी बोले- जल्द ठीक करवा देंगे"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि भ्योखर गांव विकास खण्ड–विजयीपुर अन्तर्गत मडौली पेयजल योजना के अन्तर्गत आच्छादित है। योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया गया है। वर्तमान में नाला खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। यथाशीघ्र पाइप लाइन मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर ग्राम में सुचारू जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,


(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
तेज... NEW
भास्कर इन्वेस्टिगेशन
क्रिकेट
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टा...
जीवन मंत्र
देश
विदेश
राशिफल
टेक - ऑटो

Hindi News / Local / Uttar Pradesh / Fatehpur / Ekdala / Fatehpur Water Supply Crisis | Bhyokhar Village Pipeline Burst Update

# भ्योखर गांव में नाला खुदाई से पाइपलाइन फटी: 50 घरों में पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान; अधिकारी बोले- जल्द ठीक करवा देंगे

निरंजन सिंह |
एकडला(खागा), फतेहपुर
3 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

वीडियो और देखें

फीडबैक दें

फतेहपुर जिले के विजयीपुर ब्लॉक के भ्योखर गांव में नाला खुदाई के दौरान जल जीवन मिशन की पाइपलाइन फट गई है। इस वजह से गांव के करीब 50 घरों में पानी की सप्लाई बंद हो गई है। ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं।